# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

पीठासीन अधिकारी : साधुराम जाट
(आर.ए.एस.)

राजस्व वाद संख्या 58/2017

1. जाफर खां पुत्र अस्त अली जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
2. फिरोज खां पुत्र अस्त अलीजाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
3. रहीमन पत्नी अस्त अली जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर

वादीगण

बनाम

1. मोहनलाल पुत्र डेडराज जाति महाजन निवासी बास दौलत खां हाल अलसीसर तहसील मलसीसर
2. केशर पुत्र डेडराज जाति महाजन निवासी बास दौलत खां हाल अलसीसर तहसील मलसीसर
3. इस्लाम खां पुत्र अस्त अली जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
4. सबीर खां पुत्र अस्त अली जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
5. जन्नत पुत्री अस्तअली खां पत्नी इस्पाक खां जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां हाल निवासी भादरा तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़
6. जमसीद पुत्री अस्त अली खां पत्नी लतीफ खां जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां हाल आबाद सोती तन बुडाना तहसील झुझुनू
7. नसरीन पुत्री अस्त अली खां पत्नी यूनूस खां जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां हाल आबाद सोती तन बुडाना तहसील झुझुनू
8. समीम पत्नी जंगसेर जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
9. मेहरूनिशा पुत्री जंगसेर पत्नी इमरान जाति कायमखानी निवासी हमीर खां का बास तहसील मलसीसर
10. तबसुम पुत्री जंगसेर पत्नी इमरान जाति कायमखानी निवासी सिरियासर कलां तहसील झुझुनू
11. शाहबाज पुत्र जंगेसर आयु नाबालिग जरिये वली कुदरती माता समीम पत्नी जंगसेर जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
12. अरबाज खां पुत्र जंगसेर नाबालिग जरिये कुदरती माता समीम पत्नी जंगसेर जाति कायमखानी निवासी बास दौलत खां तहसील मलसीसर
13. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मलसीसर

प्रतिवादीगण

दावा बाबत धोषणार्थव स्थाई निषेधाज्ञा

निर्णय

निर्णय दिनांक 21.12.2021

संक्षेप में वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र का तथ्य इस प्रकार है कि वाके ग्राम बास दौलत खां में वादी व प्रतिवादीगण 3 लगायत 12 के कब्जे काश्त की जमीन वर्तमान ख0न0 63 रकबा 0.12 है0, ख0न0 64 रकबा 3.79 है0, ख0न0 69 रकबा 0.06 है0, ख0न0 74 रकबा 0.40 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 4.37 है0 भूमि अवस्थित है। वादग्रस्त भूमि का खातेदार प्रतिवादीगण संख्या 1 व 2 के पिता डेडराज पुत्र भजुराम महाजन निवासी बास दौलत खां सम्वत 2012 से 2015 में दर्ज है।

डेडराम ने उक्त भूमि सम्वत 2020 में वादीगण संख्या 1 व 2 तथा प्रतिवादी संख्या 3 लगात 7 के पिता वादियासंख्या 3 के पति प्रतिवादी संख्या 8 के ससुर तथा प्रतिवादीगण संख्या 9 लगायत 12 के दादा अस्तअली पुत्र मीरू खां ने खरीदी थी। तभी से वादीगण एवं प्रतिवादीगण 3 लगायत 12 उक्त भूमि पर काबिज काश्त है। मकानात बनाकर आबाद है। अन्त में वादग्रस्त भूमि में डेडराज पुत्र भगुराम का नाम हजफ कर वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 3 लगायत 12को बराबर हिस्सा बराबर का खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे तथा इसी अनुरूप राजस्व रिकार्ड में दुस्रूती की जावे।

दावा दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किया गया। प्रतिवादीगण संख्या 5 लगायत 10 व 12 की ओर से इकबाली जवाब पेश किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 लगायत 4 व 11 को विधिवत तामिल होने के पश्चात भी ना तो स्वयं उपस्थित हुये ना ही अपने प्लीडर के माध्यम से अपना जवाब पेश किया फलस्वरूप इनके विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। वादी संख्या 2 ने अपने दावे के समर्थन मे शपथ पत्र पेश किया तथा दस्तावेजात पर प्रदर्श 1 लगायत 17 डाले।प्रदर्श 1 लगायत 17 का विवरण इस प्रकार है :–

1. प्रदर्श–1 नकल मिलान क्षेत्रफल
2. प्रदर्श–2 नकल खतौनी संवत 2058–2078
3. प्रदर्श–3 नकल जमाबंदी सम्वत 2043–46
4. प्रदर्श–4 नकल जमांबदी सम्वत 2062–65
5. प्रदर्श–5 नकल गिरदावरी सम्वत 2010–12
6. प्रदर्श–6 नकल गिरदावरी सम्वत 2013–14
7. प्रदर्श–7 नकल गिरदावरी सम्वत 2015–17
8. प्रदर्श–8 नकल गिरदावरी सम्वत 2020–22
9. प्रदर्श–9 नकल गिरदावरी सम्वत 2019
10. प्रदर्श–10 नकल गिरदावरी सम्वत 2023–2026
11. प्रदर्श–11 नकल गिरदावरी सम्वत 2027–30
12. प्रदर्श–12 नकल गिरदावरी सम्वत 2031–34
13. प्रदर्श–13 नकल गिरदावरी सम्वत 2036–39
14. प्रदर्श–14 गिरदावरी स्लिप सम्वत 2033
15. प्रदर्श–15 लगान वसूली रसीद 05.12.1973
16. प्रदर्श–16 लगान वसूली रसीद
17. प्रदर्श–17 असल लिखावट द्वारा डेडराज बाबत भूमि बेचान सम्वत 2020

वादी द्वारा पेश किये गये असल लिखावट 50 पैसे स्टाम्प में डेडराज महाजन निवासी बास दौलत खां ने अस्त अली खां पुत्र मीर खां को खेत खसरा नम्बर 35 रूपये आठ सौ में दिया जाना अंकित है। गिरदावरी स्लिप 2033 में काश्तकार में अस्त अली पुत्र मीर खां दर्ज है। असल लगान वसूली रसीद दिनांक 05.12.1973 में लगान देने वाले में अस्त अली पुत्र मीर खां का नाम दर्ज है। गिरदावरी सम्वत 2031–34 में विवरण विशेष एवं अधिकारों आधिपत्य भूमिकर तथा राजस्व में परिवर्तन में अस्त अली पि0 मीर खां नाम दर्ज है।

हमने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात एवं साक्ष्य सबूतो का गहनता से अध्ययन किया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात पर गौर किया। डेडराज महाजन के वारिसों को विधिवत तामिल होने के पश्चात भी उनके द्वारा आपत्ति स्वरूप किसी प्रकार का कोई जवाब पेश नहीं किया गया ना ही स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। जिससे यह स्पष्ट है कि वादग्रस्त भूमि में वे किसी प्रकार का कोई हक हकूक नहीं रखते है ना ही रखना चाहते है। समस्त तथ्यों के अध्ययन एवं उन पर मनन करने के उपरान्त यह स्पष्ट है कि वादी के पिता अस्त अली खां द्वारा प्रतिवादी संख्या 1 व 2

के पिता डेडराज महाजन से वाद में वर्णित भूमि खरीदी गई थी। जिसका राजस्व रिकार्ड में नाम अस्त अली के नाम से दर्ज नहीं हो पाया। लिहाजा अस्त अली खां पुत्र मीर खां द्वारा डेडराज महाजन से खरीदी गई भूमि का राजस्व रिकार्ड में नाम डेडराज महाजन के वारिसों के स्थान पर अस्त अली खां के वारिसों के नाम दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है।

## निर्णय

अतः समस्त तथ्यों के मध्यनजर वाद डिक्री किया जाता है तथाग्राम वास दौलत खां स्थित जमीन वर्तमान ख0न0 63 रकबा 0.12 है0, ख0न0 64 रकबा 3.79 है0, ख0न0 69 रकबा 0.06 है0, ख0न0 74 रकबा 0.40 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 4.37 है0 केराजस्व रिकार्ड में डेडराज पुत्र भजुराम जाति महाजन का नाम हजफ कर अस्त अली पुत्र मीर खां के वारिसान वादीगण एवं प्रतिवादीगण 3 लगायत 12 को बराबर हिस्से का धोषित कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। निर्णयखुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

(साधुराम जाट) 9/12/21
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर